# उत्तर रेलवे

## ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे, के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल, हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर, सराए काले खान साइड की तरफ, जिसका क्षेत्रफल 4674.5 वर्ग मीटर है (अपलोड किये गए साईट मैप के अनुसार), तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाहनों की पार्किंग, सह प्रबंधन (अतिरिक्त विशेष शर्तों में उल्लेखित विभिन्न प्रकार के श्रेणी के वाहनों के अनुसार) और पार्सल स्टैकिंग के प्रबंधन और संचालन हेतु, आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियाँ आमंत्रित करता है। जिसका विवरण इस प्रकार हैः

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी हैः |
|---|---|---|
| 1 | 25.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे | दिल्ली मंडल, हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर, सराए काले खान साइड की तरफ, जिसका कुल क्षेत्रफल 4674.5 वर्ग मीटर है (अपलोड किये गए साईट मैप के अनुसार) के लिए वाहनों की पार्किंग, सह प्रबंधन (अतिरिक्त विशेष शर्तों में उल्लेखित विभिन्न प्रकार और श्रेणी के वाहनों के अनुसार) और पार्सल स्टैकिंग के प्रबंधन और संचालन हेतु, तीन वर्ष के अनुबंध के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियाँ आमंत्रित करता है। कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल 4674.5 वर्ग मीटर में विभिन्न क्षेत्र शामिल हैः<br>1. रिले हट-2 के समीप, जिसका क्षेत्रफल 213.39 वर्ग मीटर है।<br>2. प्लेटफार्म संख्या 8, ओखला छोर पर, पार्सल कार्यालय के समीप, जिसका क्षेत्रफल 1462.74 वर्ग मीटर है।<br>3. लोको गेट से मुख्य प्रवेश/निकास तक प्लेटफार्म संख्या 8 से सटा क्षेत्र, जिसका क्षेत्रफल 2998.37 वर्ग मीटर है। |

**महत्वपूर्ण सूचनाः 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

**2063/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**